हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

04 8233 किसानों ने कराया पंजीयन, सिर्फ 3812 ने ...



07 मौत का मांझा: संक्रांति पर इटारसी में छात्र का कटा...





### पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, दो स्थानों पर कार्रवाई, देहात में पशु क्रूरता का मामला दर्ज

# साहब...अवैध शराब के साथ-साथ सट्टेबाजों पर भी कार्रवाई कब ?

**पुलिस कप्तान के निर्देश पर जिले में अवैध शराब पर कार्रवाईयां जारी है लेकिन अभी भी जिला मुख्यालय पर कई स्थानों पर सट्टे का व्यापार फलफूल रहा है जिसपर अंकुश की आवश्यता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस द्वारा आनलाइन और ऑफ़लाइन सट्टेबाजी रैकेटों का समय-समय पर भांडाफोड़ किया जाता है। इसके साथ ही अवैध शराब पर भी कार्रवाई जारी है, लेकिन शहर की लोकल गलियों और सब्जी मंडी से लेकर दशहरा मैदान तक सट्टे का नेटवर्क फलफूल रहा है। इन्हीं स्थानों पर अवैध शराब की भी बिक्री खुलेआम की जा रही है। मगर हकीकत यह है कि खुलेआम सब्जी मंडी में अवैध सट्टा खिलाया जा रहा है। जहां सब्जी मंडी में सब्जी खरीददार से ज्यादा सट्टे लिखाने वालों की भीड़ जमा रहती है। खाईबाज अपने गुर्गों से बेधड़क सट्टा लिखवाता है, जो पुलिस लाइन, पुलिस कंट्रोल रूम, महिला थाना, अजाक्स थाना और यातायात थाना से महज 100 मीटर दूर होगा। खास बात तो यह है कि सटोरियों का यह अड्डा जिला दंडाधिकारी के ऑफिस से भी चंद कदमों की दूरी पर है। इससे साबित होता है कि सटोरियों की पहुंच किस हद तक है। वहीं बालागंज क्षेत्र में भी अवैध शराब और सट्टे की दुकाने फलफूल रही है, जिस पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती, जबकि यह कोतवाली थाने से समीप है। बंगाली कालोनी के पास किराना दुकान, मीनाक्षी चौराहा, मोरछली चौक, बालागंज, और दशहरा मैदान के आसपास जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में धड़ल्ले से सट्टा खेला और खिलाया जा रहा है, जिससे आसपास का माहौल असुरक्षित और अव्यवस्थित बन रहा है। व्यापारी और राहगीर शिकायत कर रहे हैं कि सट्टा खेलने वाले लोग अक्सर भीड़ में जमा रहते हैं।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

जिले के कप्तान सांईकृष्ण एस थोटा ने कार्यभार संभालते ही अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसके परिणामस्वरूप यह कार्रवाईयां देखने को मिल रही है। ऐसे में धार्मिक नगरी की छवि सुधरेगी। कोतवाली पुलिस ने कप्तान के निर्देश पर अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई की है। अब आगामी दिनों में भी अवैध शराब के साथ ही अन्य सामाजिक तत्वों पर कार्रवाई देखने को मिलेगी। पुलिस की होटल-ढाबों की चेकिंग एवं अवैध शराब के विरुद्ध धरपकड़ की कार्रवाई में सिटी कोतवाली ने मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड के सामने, पहलवान होटल के बाजू में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचने की नीयत से खड़ा देखा।

सूचना पर एसडीओपी जितेन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर के निर्देश पर तत्काल टीम गठित कर मौके पर रवाना की गई। इस दौरान एक व्यक्ति सफेद रंग का झोला लिए दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम मनीष पिता रामविलास धुर्वे उम्र 21 वर्ष निवासी गोडी मोहल्ला, बुधनी जिला सीहोर बताया। उसके पास देशी शराब मसाला–16 क्वार्टर, देशी शराब प्लेन 8 क्वार्टर, ऑफिसर च्वाइस 4 क्वार्टर जिसकी अनुमानित कीमत 2360 रुपये पाई गई। वहीं दूसरे मामल में सुमित निवासी फूटा कुआं, बालागंज स्कूटी में अवैध शराब रखकर काका श्री होटल में शराब सप्लाई करने जा रहा है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया। मौके पर एक व्यक्ति ग्रे रंग की स्कूटी क्रमांक एमपी 05 जेडएच 5715 के साथ खड़ा मिला, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम सुमित पिता पवन भोइया उम्र 20 वर्ष निवासी फूटा कुआं के पास, बालागंज बताया। उसके पास से स्कूटी की डिक्की चेक करने पर देशी शराब प्लेन-60 क्वार्टर, ऑफिसर च्वाइस 4 क्वार्टर जिसकी अनुमानित कीमत 4000 रुपये जप्त की। वहीं दोनों होटल संचालकों को संबंधित प्रकरण में नोटिस जारी किए गए। इस कार्रवाई में निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उनि विशाल नागवे, सउनि संजय रघुवंशी, रेवाराम गायकवाड़, प्रआर रितेश, विनोद, कमलेश, अजमेश, अविनाशी, आरक्षक भिक्कू की विशेष भूमिका रही।

### संगठन के कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पशु क्रूरता का मामला दर्ज

पशुओं को क्रूरतापूर्वक ले जाने वाले आरोपी पर देहात पुलिस ने क्रूरता अधिनियम की धारा के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को विश्व हिन्दू बजरंग नर्मदापुरम के जिला सुरक्षा प्रमुख खुमान सिंह ने एक लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने जिक्र किया था कि एक पिक अप वाहन में तीन बड़े नंदी क्रूरतापूर्वक लेकर जा रहे थे। उनकी शिकायत पर देहात पुलिस ने वाहन थाने लाकर तीन बड़े नंदी एवं दो छोटे नंदी का क्रूरतापूर्वक परिवहन किए जाने पर धारा 11 (1) घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम घटित पाए जाने पर आरोपी चालक एवं उसके साथी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। देहात टीआई सौरभ पांडे ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग के कार्यकर्ता आरी से बैतूल जा रहे पिक अप को थाने लेकर आए थे जिसके बाद उनकी शिकायत पर पिक अप चालक और अन्य पर पशु क्रूरता का मामला दर्ज किया है।



# मकर संक्रांति पर आज भी पुण्य स्नान रात को महाआरती में उमड़ा जनसैलाब

**आचार्य सोमेश परसाई बोले बुधवार रात 9.29 पर सूर्य का राशि परिवर्तन हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आस्था और विश्वास का केन्द्र मकर संक्रांति नर्मदापुरम में दो दिवसीय रहा। बुधवार को अलसुबह से ही भक्तों की भीड़ घाटों पर भीषण ठंड में उमड़ी। यह सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। वहीं रात में सेठानीघाट पर नर्मदा जी की महाआरती पंचअर्चकों से विप्रजनों द्वारा की गई। जिसमें भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। मगर पुरानी मान्यताओं के अनुरूप ही कई श्रद्धालुओं ने नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर सूर्य देव की उपासना की। साथ ही दरिद्र नारायण को तिल-गुड़ का दान किया। इस दौरान नर्मदापुरम में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। ऐसे में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम कर रखे थे। आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि सूर्य का राशि परिवर्तन रात 9.29 बजे हुआ। जिसके कारण आज पुण्य स्नान होगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सूर्य अब सूर्य उत्तरायण होंगे। चुकी बुधवार एकादशी तिथि थी इस दौरान भक्तों ने सत्य नारायण भगवान की पूजन-पाठ और नर्मदा घाटों पर विप्रजनों से कथा सुन अपना जीवन धन्य किया। स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए। पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किये थे। होमगार्ड जवानों ने स्नान कर रहे भक्तों को गहरे पानी में नहीं जाने दिया। 14 जनवरी का दिन उमंगो और पतंगो का भी पर्व रहा। आसमान में कई रंगों की पतंग नजर आई। मकर संक्रांति संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जिसका निर्धारण सूर्य की गति से होता है, जब सूर्य देव एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि मकर में प्रवेश करते हैं तो उसे मकर संक्रांति कहते हैं।

### नपाध्यक्ष ने मकर संक्राति पर बच्चों संग उड़ाई पतंग



भारत का प्रसिद्ध पर्व मकर संक्रांति पर पहाड़ियि के पास गरीब बच्चों के बीच पहुंची नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने न केवल पतंग उड़ाई बल्कि संक्रांति के लड्डू भी उन्हें खिलाए। इस मौके पर बच्चो को पतंग भी वितरित की गई। पतंग इस अवसर पर सभापति पार्षद प्रेमा पंकज पांडेय, कपिल चौहान और सुनील शर्मा आदि उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा बच्चों को बताया कि यह भारत का प्रमुख त्यौहार है। उन्होंने चाइनीज मांझा बेहद खतरनाक होता है। इसका कोई भी उपयोग न करें। बच्चों से कहा कि सावधानी पूर्व पतंग उड़ाना चाहिए। सूर्य के धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति मनाई जाती है।

# राज्यसभा सांसद ने किया 'स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क' का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के प्रयासों से गेल इंडिया लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के शासकीय विद्यालयों में लगभग 28 हजार 'स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क' का वितरण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नर्मदापुरम शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शाला आईटीआई पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय ग्वालटोली, प्राथमिक शाला कोठी बाजार सहित ग्राम रायपुर, निमसाडिया, पांजराकला, निटाया, व्यावरा एवं पवारखेड़ा बस्ती के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों से सांसद ने संवाद किया और उन्हें शैक्षणिक सामग्री युक्त स्कूल बैग प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थी समान अवसरों के साथ आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुशल पटेल, भाजपा जिला मंत्री गोविंद राय ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, जपं उपाध्यक्ष मंजुलता पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया पांजरा सरपंच राजू चौरे, निमसाडिया सरपंच बालेंद्र पटेल कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा कृषि रथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

किसानों को विभाग की योजनाओं की दी जानकारी माखन नगर किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष में कृषि रथ का भ्रमण ग्राम पंचायत पवार खेड़ा खुर्द, जावली, शुक्कर वाडा फॉर्म, में हुआ। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी माखन नगर ने कृषकों को ई टोकन प्रणाली से खाद कैसे प्राप्त करें और उसके लाभ बताएं।

कृषि विस्तार अधिकारी मोनिका श्रोती के द्वारा किसानों को मिट्टी परीक्षण और गर्मी के सीजन में मूंग के स्थान पर मूंगफली लगाए जाने की जानकारी प्रदान की गई। सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी अंकित शर्मा के द्वारा किसानों को बीज उत्पादन से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कृषि प्रवक्ता ने प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तार से बताया। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी सुमित ठाकरे के द्वारा पशु चिकित्सा विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई इसके अलावा संबंधित ग्राम पंचायतो के सरपंच, हल्का पटवारी ,सचिव , सहायक सचिव उपस्थित रहे ।

# सीएम साहब देनवा से जोड़ें पलकमती और तवा डैम के टापुओं को बनाएं टूरिज्म हब

- माखननगर आ रहे मुख्यमंत्री से पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने की मांगें, पोस्ट किया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल ने 16 जनवरी को माखननगर आ रहे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष कुछ मांगे रखी हैं। जनहित की इन मांगों पर यदि मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुछ घोषणा करते हैं तो नर्मदापुरम जिला क्षेत्र को लाभ हो सकता है। पुष्पराज पटेल ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन किया है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र व नर्मदापुरम जिले में जन विकास को लेकर कुछ मांगे रखी हैं। सोहागपुर विधानसभा व जिले में पटेल की मांगों को समर्थन मिल रहा है। नागरिकों का कहना है कि पटेल की मांगे जायज हैं। यदि सत्ता पक्ष और विपक्ष के समन्वय से जिला विकास कि इन मांगों पर मैदानी कार्रवाई होती है तो निश्चित रूप से जिला क्षेत्र




में विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा।

### रखी ये मांगे

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने सीएम के समक्ष मांग की है कि तवा डैम के टापू को ठीक उसी तरह से विकसित किया जाए जैसा कि मप्र सरकार ने नर्मदा नदी में हनुमंतिया टापू का विकास किया है। ताकि नर्मदापुरम जिले में नए टूरिज्म हब विकसित हो सकें। वहीं पटेल ने मांग रखी है कि सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय की जीवन रेखा पलकमती नदी को देनवा नदी से जोड़ा जाए। क्योंकि देनवा में तवा डैम का बैक वॉटर वर्ष भर रहता है। अतः नदियां जोड़ने से पलकमती नदी पुनः जीवंत हो सकेगी व संबंधित क्षेत्र को बहुत लाभ होगा। पटेल ने वीडियो में मांग की है कि कोरोना दौरान बागड़ा रेलवे स्टेशन पर बंद किये गए ट्रेन स्टॉपेज बहाल किये जाएं व बागड़ा रेलवे स्टेशन को रेक पाइंट बनाएं। जैसे मुहासा का विकास किया गया है, वैसे बागड़ा को विकसित किया जाए। कृषक हित की मांगें भी पुष्पराज पटेल ने सीएम के समक्ष रखी हैं।

### भाजपाई कर चुके मांग

24 मई 2025 को सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज के साथ भाजपा नेताओं ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी से भेंट की थी। इस दौरान भाजपाईयों ने सांसद कहा था कि देनवा नदी एवं पलकमती नदी के उद्गम के बीच लगभग पांच किलोमीटर की दूरी है। सतपुड़ा पर्वत श्रंखला क्षेत्र में देनवा नदी व पलकमती मुहाने को नहर के माध्यम से यदि जोड़ा जाए तो इससे बहुत लाभ होंगे। सांसद से भाजपाईयों ने कहा था कि जब नर्मदापुरम से 75 किलोमीटर दूर भोपाल तक नर्मदा जल ले जाया जा सकता है, तो अंडरग्राउंड नहर द्वारा देनवा व पलकमती को भी जोड़ सकते हैं। सोहागपुर में सात मई 2025 को एक कार्यक्रम में आए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को भी नागरिकों ने पलकमती एवं देनवा को जोड़ने के संबंध में आवेदन दिया था। स्पष्ट है कि कांग्रेसी, भाजपाई तथा पर्यावरण प्रेमी उक्त संबंध में प्रयास कर चुके हैं। अब मध्य प्रदेश सरकार को भी देनवा तथा पलकमती को जोड़ने की मांग पर निर्णयात्मक कदम उठाना चाहिए।

### स्वामी परमार्थ देव ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**माखननगर।** अग्रवाल कृषि फार्म आंचलखेड़ा में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव ने कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने बताया माखन नगर में तीन दिवसीय एंटीग्रेटिड शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर का उद्देश्य घर-घर व्यक्ति स्वस्थ रहें ऐसे बड़े अभियान के साथ भारतीय संस्कृति को सनातन की संस्कृति को घर-घर में पहुंचाने के लिए स्वस्थ भारत समृद्ध भारत के लिए योग ऋषि महाराज ने योग को देश दुनिया तक पहुंचाया है दुनिया की दशा और दिशा बदली है लोग दुनिया में योग को आत्मसात कर रहे हैं।

### हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी में शहडोल ने बनाए 345 रन

नर्मदापुरम। अंडर-18 बालक वर्ग हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी में नर्मदापुरम संभाग का सामना शहडोल संभाग से नर्मदापुरम के एमपीसीए ग्राउंड पर खेला जा रहा है।नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि शहडोल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन के खेल में 6 विकेट खोकर 299 रन से आगे खेलते हुए पूरी टीम 345 रनों पर ऑल आउट हो गई। नर्मदापुरम टीम के गेंदबाज पीयूष कुशवाहा ने 4 विकेट,प्रिंस पटेल ने 3 विकेट,अथर्व चौहान और तनिष्क सोलंकी को 1-1 विकेट एवं 1 विकेट रन आउट के रूप में प्राप्त हुआ है। पहली पारी में बल्लेबाजी करने आई नर्मदापुरम की टीम ने दिन के निर्धारित ओवर तक 214 रन 6 विकेट गंवा कर बना लिए है। मैच में एमपीसीए अंपायर निखिल मेनन और शुभदा भोंसले एवं स्कोरर सचिन तिवारी रहे। मैच के दौरान एमपीसीए से मैच आब्जर्वर हर्ष पाण्डेय, सिलेक्टर अंकित श्रीवास्तव,मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा, सीनियर सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन संजय नाफडे ,जिला क्रिकेट संघ सचिव मनोहर बिल्थरिया,तरुण रावत ,चेतन राजपूत,शफीक खान,नितेश राजपूत,नीरज गौर, सहित ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहे।

# सीएम का दौरा अब कल, लाड़ली बहनों को मिलेगी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




बुधवार को जिले प्रवास पर सीएम डॉ. मोहन यादव आने वाले थे, लेकिन किन्हीं कारणों से यह दौरा अब 16 जनवरी को होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने इस संबंध में जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव 16 जनवरी को हाईस्कूल मैदान पुलिस थाने के बाजू में आएंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान प्रदेश की लाडली बहनों को 1500 रूपए की राशि वितरण एवं जिले सहित सोहागपुर विधानसभा के विभिन्न कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वहीं यातायात डीएसपी ने भी संसोधित कार्यक्रम की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कमिश्नर केजी तिवारी, डीआईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को व्यवस्थाओं का अवलोकन किया है। इसके साथ ही ड्यूटी स्थल पर मीटिंग भी ली गई। मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम अब 16 जनवरी को होगा। जिसके लिए विशेष पार्किंग व्यवस्था की गई है। पार्किंग व्यवस्था पहले की तरह ही यथावत रहेगी।

**पानी शुद्ध करने ओजोनाइजेशन तकनीक पर चर्चा हुई...**

# नर्मदा में मिलने वाले नाले का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



वर्षों से कोरी घाट स्थित गंदे पानी का नाला जो सीधे नर्मदा नदी में मिलता है। उसका निरीक्षण नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे के मौखिक आदेश के क्रम में होशंगाबाद (नर्मदापुरम) पर किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ हेमेश्वरी पटले, आर्किटेक्ट रितेश यादव एवं ओआरएआईपीएल कंपनी के डायरेक्टर विशाल उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नाले के जल को नर्मदा नदी में मिलने से पूर्व ओजोनाइजेशन तकनीक द्वारा शुद्ध करने पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत एक सुव्यवस्थित प्रणाली स्थापित कर इस जल को स्नान योग्य स्तर तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल नर्मदा नदी की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं शहरवासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशासन द्वारा शीघ्र ही इस योजना को अमल में लाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि नागरिकों की आस्था को देखते हुए उक्त नाला जल्द से जल्द बंद होना चाहिए और मां नर्मदा में सीधे इसका पानी नहीं मिलना चाहिए।

# क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के ज्वलंत मुद्दे पर वार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रेसवार्ता में अपनी विभिन्न मांगें पत्रकारों को बताई। इस दौरान संगठन के जिला प्रवक्ता केशव साहू ने बताया की न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को अभी तक नहीं मिल पा रहा है। साथ ही बीज अधिनियम (सीड बिल) 2025, सम्पूर्ण कर्ज माफी, कृषि कार्य के लिए विद्युत प्रदाय में अनेक कमिया और विद्युत कंपनियों द्वारा किसानों के साथ छलावा, खाद की उपलब्धता में कमी एवं वितरण व्यवस्था में विसंगती, कृषि उपज मण्डयों में खरीदी, तुलाई, भुगतान आदि व्यवस्थाओं में सुधार, भूमि अधिग्रहण कानून,फसल बीमा योजना में व्यापक बदलाव, बे सहारा पशुओं के लिए गोअभ्यारण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रेसवार्ता पत्रकार-भवन पीपल चौक पर आयोजित की गई।

## खबर संक्षेप

### कोल माइन सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ एचएमएस की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** कोल माइन सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ (एचएमएस) जिला बैतूल की मासिक बैठक आज 15 जनवरी गुरुवार को शहीद भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में कोल पेंशनरों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से लोकसभा एवं कोयला मंत्री तथा ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ दिल्ली में हुई बैठक की जानकारी साझा की जाएगी। इसके साथ ही उन कोल पेंशनर के विषय में भी चर्चा की जाएगी, जिन्होंने नया पीपीओ बनवाने हेतु फॉर्म जमा नहीं किए हैं, अथवा जिनके फॉर्म जमा होने के बावजूद सही पता उपलब्ध न होने के कारण पीपीओ नंबर जारी होने में विलंब हो रहा है। इस संबंध में सीएमपी कमिश्नर से प्राप्त जानकारी बैठक में रखी जाएगी। साथ ही एसबीआई बैंक को दिए गए पत्र की स्थिति से भी सभी को अवगत कराया जाएगा। संघ द्वारा समस्त कोल पेंशनर साथियों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष डी.के. साहू, महामंत्री डी.आर. झरबडे, उपाध्यक्ष अजय सिंह राजपूत, दिनेश कुमार शर्मा, शिवप्रसाद धारसे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### बाल वैज्ञानिक 15 को विज्ञान प्रदर्शनी में करेंगे अपने मॉडल का प्रदर्शन

**बैतूल।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय जिला विज्ञान प्रदर्शनी सत्र 2025-26 का आयोजन पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल में 15 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि उक्त छात्रों के लिए पूर्व में शाला स्तर, जन शिक्षा केन्द्र स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित छात्र-छात्राएं अपने मॉडल का जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदर्शन करेंगें। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के मॉडल, प्रादर्श सम्मिलित होगें। इसी के साथ-साथ विकास खण्ड स्तर पर विचार संगोष्ठी, एकल गीत, लघु नाटिका में चयनित छात्र जिला स्तर पर अपना प्रदर्शन करेगें। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में गणित विषय के कक्षा 6वीं से 8वीं के 19 मॉडल, विज्ञान एवं पर्यावरण विषय में कक्षा 6वीं से 8वीं के 3332 मॉडल तथा सामाजिक विज्ञान विषय में कक्षा 6वीं से 8वीं के 51 मॉडल इस प्रकार कक्षा 6वीं से 8वीं के कुल 103 मॉडल का प्रदर्शन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर से कक्षा 6वीं से 8वीं में विचार संगोष्ठी के 13 छात्र-छात्राएं, एकल गीत के 12 छात्र-छात्राएं तथा लघु नाटिका के 10 छात्र-छात्राएं इस प्रकार कुल 35 छात्र-छात्राएं विभिन्न विधाओं में भाग लेगें। इस प्रकार जिला स्तर पर कुल 138 विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों की सहभागिता कराने के लिए विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समस्त विकासखण्डों को आदेशित किया है। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की समस्त तैयारियां कर संबंधित लोक सेवकों को दायित्व सौंपे गए है। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मिलित होने वाले छात्रों के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षक भी उपस्थित होगें।

### जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 16 एवं 17 को होगी आयोजित

**बैतूल।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा दूसरी से 8 वी तक के जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में चयनित छात्रों की जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता प्रत्येक विकासखंड के चयनित परीक्षा केन्द्र पर 16 एवं 17 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा कक्षा दूसरी से 8वीं तक के छात्रों के लिए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओएमआर शीट का उपयोग किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त होता है।

### खरीदी केंद्रों पर लग जाएंगी पाबंदी, भावांतर योजना में उपज बेचने आज अंतिम दिन

# 8233 किसानों ने कराया पंजीयन, सिर्फ 3812 ने 89781 क्विंटल बेची सोयाबीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी का आज अंतिम दिन है। 15 जनवरी के बाद भावांतर योजना में सोयाबीन खरीदी बंद हो जाएगी। जिले में कुल 8233 किसानों ने भावांतर योजना के तहत पंजीयन कराया था, उसमें से 13 जनवरी तक 3812 किसानों ने 89,781 क्विंटल सोयाबीन बेचकर योजना का लाभ लिया, जबकि जिले की बडोरा, मुलताई और भैंसदेही मंडी में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने वाले 2197 किसानों का 19 दिसंबर 2025 तक भुगतान भी हो चुका है।

20 दिसंबर के बाद जिन किसानों ने भावांतर योजना में सोयाबीन बेची थी, उनके खाते में 22-24 दिन बाद भी अंतर की राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि योजना में 15 दिन के भीतर अंतर की राशि का भुगतान करने का नियम है। फिर भी, सरकार किसानों को समय पर भुगतान नहीं कर पा रही है। भुगतान कब होगा, इसका जवाब अफसरों के पास भी नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर पर किसानों के खाते में सीधे भुगतान किया जाता है। अभी तक जो भी भुगतान हुआ है, वह भोपाल स्तर पर ही हुआ है। बता दे कि सरकार ने भावांतर योजना के तहत 24 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीदी शुरू की थी और हर 15 दिन में अंतर की राशि के भुगतान का वादा किया था, लेकिन इस बार 22-24 दिन ज्यादा हो गए हैं। अब तक किसानों को भावांतर योजना के अंतर की राशि नहीं मिली है।

#### 5157 रुपए मंडी में सोयाबीन के उच्चतम भाव .........

जिले की बडोरा मंडी में सोयाबीन का न्यूनतम भाव चार हजार और उच्चतम भाव 5157 रूपये प्रति क्विंटल तक है। जबकि शासन द्वारा सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रूपये तय किया है। इस प्रकार दोनों के बीच के अंतर की राशि भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन बेचने वाले किसानों को दी जा रही है। कृषि मंडी बडोरा से मिली जानकारी के अनुसार भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी आज 15 जनवरी तक जारी रहेगी। पंजीकृत किसान आज अंतिम दिन भावांतर योजना के तहत निर्धारित मंडी में सोयाबीन बेच सकते हैं। भावांतर योजना के अंतर्गत सिर्फ नई सोयाबीन की ही खरीदी की जा रही है। पुरानी सोयाबीन बेचने पर भावांतर योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

#### 2197 किसानों को 5. 47 करोड़ से अधिक का भुगतान ....

जिले की तीन कृषि उपज मंडियों में भावांतर योजना के तहत किसानों से सोयाबीन की खरीदी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैतूल बडोरा कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के तहत 1561 किसानों ने उपज बेची है, जिनका किसानों को 3,89,86,717 का भुगतान किया जा चुकी है। वहीं मुलताई कृषि उपज मंडी में 346 किसानों से योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की गई। जिसका 86,41,669 रूपये का भुगतान किया है। इसी प्रकार भैंसदेही मंडी में 291 किसानों को 71,38,967 रूपये का भुगतान हुआ है। इसी प्रकार जिले के कुल 2197 किसानों को 5,47,67,353 रूपये का भुगतान हो चुका है।

#### आज खत्म हो जाएगी भावांतर योजना

सरकार ने भावांतर योजना के तहत 24 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीदी शुरू की थी। योजना में सोयाबीन बेचने के लिए 8233 किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन सिर्फ 3812 किसानों ने सोयाबीन बेची। यदि शेष पंजीकृत किसान आज 15 जनवरी को सोयाबीन नहीं बेची तो इसके बाद किसान भावांतर योजना का लाभ नहीं ले पायेगे। जानकारी के अनुसार 4421 ऐसे पंजीकृत किसान है, जिन्होंने अभी तक सोयाबीन नहीं बेची, जबकि करीब 1615 किसानों को भावांतर योजना के अंतर की राशि नहीं मिली है। इन किसानों ने 20 दिसंबर के बाद सोयाबीन की उपज भावांतर योजना के तहत मंडी में बेची थी।

#### लाभ नहीं मिलेगा...

3812 किसानों ने 89781 क्विंटल सोयाबीन बेची है। जिसमें से 2197 किसानों को करीब 5.47 करोड़ का भुगतान हो चुका है। योजना के तहत सोयाबीन बेचने का आज 15 जनवरी अंतिम दिवस है। इसके बाद सोयाबीन बेचने वाले किसानों को भावांतर योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा।

**- सुरेश परते, सचिव, कृषि उपज मंडी बडोरा**

## नगरीय प्रशासन विभाग के उपसंचालक ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के उप संचालक ओपी झा ने बुधवार 14 जनवरी को सारनी नगर पालिका क्षेत्र में पानी सप्लाई करने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल टंकियों का निरीक्षण किया।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत नगरीय निकायों में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित पेयजल एवं सीवरेज की योजनाए तथा निकाय की पेयजल व्यवस्था एवं अन्य सम-सामयिक विषयों एवं योजनाओं की समीक्षा, प्रत्यक्ष अवलोकन एवं निरीक्षण हेतु दलों का गठन किया गया था। बैतूल जिले के निरीक्षण के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के उप संचालक ओपी झा यहां पहुंचे।

### कलेक्टर सूर्यवंशी ने तीन स्थानीय अवकाश किए घोषित

**बैतूल।** मप्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वर्ष 2026 के लिए जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। ये अवकाश कोषालय एवं उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे। अवकाश में भाई दूज 5 मार्च गुरुवार, मां ताप्ती जन्मोत्सव 21 जुलाई मंगलवार और अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर शुक्रवार शामिल है।

### शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में रोजगार मेला 21 को

**भैंसदेही।** मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा ,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत 21 जनवरी को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल में 13 जनवरी को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संचालक विस्तार सेवायें ज.ने.कृ.वि. वि.जबलपुर डॉ. टीआर शर्मा ने वर्चुअली जुडक़र की एवं वैज्ञानिक अटारी अंचल-9, जबलपुर डॉ. रजनीश श्रीवास्तव ने वर्चुअली जुडक़र विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।



बैठक में डॉ. टीआर शर्मा ने केंद्र पर संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की एवं जिले के ज्यादा से ज्यादा कृषकों को लाभ पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही जिले की आवश्यकता अनुसार गन्ना एवं धान की फसलों की उन्नत प्रजातियों को भी अपने परीक्षणों में शामिल करने का सुझाव दिया। वैज्ञानिक डॉ. रजनीश श्रीवास्तव द्वारा केन्द्र पर संचालित प्रक्षेत्रीय परीक्षण में तकनीकी रूप से सुधार के लिए सुझाव दिए एवं केन्द्र पर पदस्थ वैज्ञानिकों से इस केन्द्र की प्रगति को ओर ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आग्रह किया।केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.केव्ही सहारे ने केन्द्र का प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी कार्य योजना का विस्तृत ब्यौरा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में बैतूल जिले के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, नाबार्ड, बीज निगम, मत्स्य, बायफ आदि विभागों के विभाग प्रमुख प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक सहित कुल 53 सदस्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन वैज्ञानिक डॉ. संजीव वर्मा एवं आभार व्यक्त वैज्ञानिक डॉ. मेघा तिवारी ने व्यक्त किया।

बैठक में आरडी बारपेटे, डॉ. एसके तिवारी, डॉ. संजय जैन, डॉ. एमपी इंगले, नेपाल बारस्कर, सौरभ मकवाना, आरएस यादव आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पूर्व सैनिकों ने मनाया 10वां सशस्त्र बल वेटरंस दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

10वां सशस्त्र बल वेटेरन्स दिवस जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल में 14 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट द्वारा वीर नारियों, वीर महिलाओं एवं वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना के पूर्व सैनिक दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करते है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। सीमा की रक्षा के लिये अदम्य साहस, समर्पण, बलिदान और देशभक्ति के साथ निस्वार्थ सेवा करने वाले




सशस्त्र बलों के सेवानिवृत सैनिकों के प्रति हमारा सदैव आभार रहेगा। इस अवसर पर कैप्टन भारतीय नौसेना सुमीत सिंह (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा 140 पूर्व सैनिकों को उनके द्वारा देश के लिए दिये गए सम्मानजनक योगदान के लिए प्रशासन द्वारा जारी किया प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन सेना के प्रथम कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा देश के प्रति की गई सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे।

## बैतूल में 18 को होगा भव्य इनामी आम दंगल, दो लाख रुपए के नगद पुरस्कार

**बैतूल।** जय हनुमान व्यायाम शाला गंज बैतूल के तत्वावधान में दंगल आयोजन समिति बैतूल द्वारा 18 जनवरी 2026, रविवार को भव्य इनामी आम दंगल का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष विवेक मालवीय ने बताया दंगल का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से होगा, जबकि पहलवानों का वजन सुबह 10 से 2 बजे तक लिया जाएगा। आयोजन स्थल राधाकृष्ण धर्मशाला के सामने, गंज बैतूल रहेगा। उपाध्यक्ष गौरव राठौर ने बताया दंगल में विभिन्न वजन वर्गों में मुकाबले कराए जाएंगे। 0-50 किलो, 50-60 किलो, 60-72 किलो, 72-85 किलो और 85 किलो से अधिक वर्गों में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले पहलवानों को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। संरक्षक अशोक दीक्षित और प्रमोद अग्रवाल ने बताया विशेष रूप से 85 किलो भार वर्ग के विजेता को बैतूल केसरी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। कुल मिलाकर दंगल में 2 लाख रुपये के नगद इनाम रखे गए हैं। आयोजन समिति के अनुसार दंगल के निर्णायक के रूप में चंदन चक्रवर्ती (एनआईएस कोच, कटनी) एवं साथी रहेंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संरक्षक, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। दंगल के दौरान नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की जाएगी। आयोजकों ने जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के पहलवानों और खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दंगल को सफल बनाने की अपील की है।

### मकर संक्रांति पर मोती वार्ड में किया पौधरोपण

## प्रकृति के संतुलन के लिए पौधे आवश्यकः डॉ.मनीष लश्करे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मकर संक्रांति के अवसर पर श्रीराम रेजिडेंसी मोती वार्ड में नवदुर्गा सेवा समिति और गौतम सेवा समिति द्वारा मौलश्री के पौधों का पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ.मनीष लशकरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस मौके पर डॉ.लशकरे ने कहा कि आज देश के कुछ महानगरों की स्थिति बहुत गंभीर है और वह वायु प्रदूषण से जूझ रहें हैं। वायु प्रदूषण फेफड़ों के कामकाज को प्रभावित कर सकता है, अस्थमा और श्वसन तंत्र के संक्रमण के खतरे को बढ़ा सकता है। प्रदूषण को रोकने में पौधे बहुत कारगार होते हैं साथ ही स्वच्छ ऑक्सीजन देते है जिसका हमारे शरीर पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। प्रकृति के संतुलन के लिए पौधे आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि हम खुशनसीब हैं कि हमारा जिले में जंगल और हरियाली है और इसे बनाए रखना हमारा दायित्व है। अनिल झाम ने कहा कि सभी व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे लगाकर उनका संरक्षण जरूर करना चाहिए।

## लापरवाही बरतने पर सीएचओ व एएनएम के विरुद्ध होगी कार्यवाही

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा 13 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई, जिसमें गर्भवती माताओं की जांच एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की चिन्हांकन एवं प्रबंधन में कम उपलब्धि पाई गई। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने गर्भवती महिलाओं की जांच, हाई रिस्क चिन्हांकन एवं प्रबंधन में लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता बरतने पर तीन सीएचओ मोनिका भूमरकर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर बोदी जूनामानी, ज्योति धोटे हेल्थ एण्ड बेलनेस सेंटर डेढ़पानी, संतोष बडकुले हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर चांदू रातामाटी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की। साथ ही डॉ.हुरमाड़े द्वारा सात सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किये तथा तीन एएनएम-श्रीमती संध्या कालभोर, श्रीमती उर्मिला इवने, श्रीमती गीता रघुवंशी को गर्भवती महिलाओं के पंजीयन समय पर नहीं करने, कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर दो-दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही एवं तीन एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

### सन्नी अलबेला, वैशाली रैकवार का देवी जागरण 16 को

## इंडियन आईडियल फेम मयूरी साहा 18 तो रागिनी शिंदे 20 को देंगी कार्यक्रम में प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति गुरुवार 15 जनवरी से प्रारंभ हो जाएगी। आगामी 21 जनवरी तक लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर जारी रहेगा। इस दौरान इंडियन आइडल फेम की कलाकार मयूरी साहा और रागिनी शिंदे के गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां भी होंगी। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 12 से 22 जनवरी तक बाबा मठारदेव मेले का आयोजन किया जाता है।

इसके तहत मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मेला अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि कार्यक्रमों की शृंखला में गुरुवार 15 जनवरी को दोपहर 2 बजे से ममता उईके एवं साथी कलाकारों द्वारा आदिवासी लोक संगीत की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 16 जनवरी को शाम 7 बजे से सारेगमपा फेम के कलाकार महाकाल सरकार फेम मुंबई की वैशाली रैकवार एवं उज्जैन के सन्नी अलबेला के देवी जागरण का आयोजन होगा। 18 जनवरी को इंडियन आईडियल फेम कलाकार मयूरी साहा का लाइव शो शाम 7 बजे से आयोजित होगा। देवी जागरण का कार्यक्रम 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से मेला प्रांगण में होगा। इंडियन आईडियल फेम रागिनी शिंदे की हिंदी गीतों की सरगम कार्यक्रम का आयोजन 20 जनवरी को शाम 7 बजे से मेला प्रांगण में होगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे से दी जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों का लुत्फ उठाने का आग्रह किया है।

रंगारंग आधुनिक लाइटिंग और सराउंड साउंड से लैस होगा मंचः कार्यक्रमों में नगर पालिका सारनी द्वारा इस वर्ष आकर्षक ट्रैस लाइटिंग, सराउंड साउंड सिस्टम की व्यवस्था की है। कार्यक्रमों में प्रस्तुति के बीच आकर्षक रंगारंग आतिशबाजी की होगी। नए ऑडिटोरियम स्टाइल मंच के समक्ष दर्शकों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था भी की गई है।

## 100 दिवसीय अभियान के तहत स्कूलों में बाल विवाह पर किए जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन और भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग बैतूल द्वारा 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च तक 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

वन स्टॉप सेंटर काउंसलर श्रीमती शिखा भौंरासे ने बताया कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में बाल विवाह के विरुद्ध



जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में विद्यार्थियों को बाल विवाह, बाल श्रम तथा पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी जा रही है। साथ ही बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में भी बताया जा रहा है।

इस दौरान बच्चों से अपील की गई कि वे स्वयं बाल विवाह न करें और यदि अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह होता देखें तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग या प्रशासन को दें। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को बाल विवाह न करने और इसे रोकने के लिए जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई।

### मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड का आयोजन



**शाहपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष स्व. सतीष मिश्रा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आज 15 जनवरी गुरुवार को दोपहर 12 बजे से उनके निज निवास ग्राम पहावाड़ी, शाहपुर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मिश्रा परिवार ने समस्त परिचितों, शुभचिंतकों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

प्रथम पुण्यतिथि



"सादगी एवं विनम्रता उनकी सुगंध थी, संघर्ष उनका जीवन था, सत्कर्म उनकी शोभा थी और परोपकार उनका कर्तव्य था"
आपकी मधुर स्मृति, आदर्श, स्नेह व आर्शीवाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगे।

मान्यवर : मेरे पिताजी स्व. सतीष मिश्रा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आज 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को आप सादर आमंत्रित हैं।

स्व. सतीष मिश्रा जी
दि. 15/01/2025

सुंदरकांड पाठ : 15 जनवरी, दोपहर 12:00 बजे से निज निवास, ग्राम पहावाड़ी शाहपुर,

श्रद्धांजलि : समस्त मिश्रा परिवार, पहावाड़ी (शाहपुर)

## आंगनबाड़ी केंद्र में ज़रूरी सामग्री वितरित की



**सोहागपुर।** सोहागपुर में पदस्थ नायब तहसीलदार नीरू जैन तथा अभिभाषक वर्षा पालीवाल ने सुभाष वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक दो में बच्चों को ज़रूरी सामग्री प्रदान की है। जानकारी अनुसार बच्चों के लिये केंद्र में खेल सामग्री सहित अध्ययन सामग्री, खिलौने, रूमाल वितरित किये गए हैं। वहीं ठंड से बचाव के लिये बच्चों को मौजे भी दिये गए हैं।

## नाकेदार से तंग आकर आदिवासी उतरे सड़क पर

**इटारसी।** तवानगर थाना क्षेत्र के नया चीचा गांव में रहने वाले आदिवासी भाइयों का सब्र आखिर टूट गया। वन विभाग के नाकेदार से परेशान होकर गांव के महिला-पुरुष एकजुट हुए और सीधे तवानगर थाने जा पहुंचे। हाथों में ज्ञापन लेकर लोगों ने जमकर विरोध जताया और थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि नाकेदार द्वारा आए दिन बेवजह टोका-टाकी और परेशान किया जाता है।

### जानलेवा मांझा चोरी छिपे बिक रहा, दो घटनाओं के बाद जागा पुलिस प्रशासन

# मौत का मांझा: संक्रांति पर इटारसी में छात्र का कटा गला, 3 इंच का हुआ घाव

जिले में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा एक बार फिर जानलेवा साबित हो रहा हैं। बीते एक महीने में इस घातक चाइनीज मांझे की चपेट में 3 लोग आ चुके है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार को पुरानी इटारसी में बजरंग पान टप के पास 24 वर्षीय युवक शुभम बाइक से लाइब्रेरी जाते समय घायल हो गया। जिससे उसके गले में गहरा घाव हुआ हैं। वहीं नर्मदापुरम के रसूलिया में नौकरी पर जाते हुए बाइक चालक सरकारी कर्मचारी सुरेंद्र वासनिक अपनी उंगली कटा बैठे। जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें पास के निजी क्लीनिक ले गए जहां उनका इलाज हुआ। पतंगबाजों को किसी की जान की परवाह नहीं है, वे केवल अपने शौक के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

### जारी है मांझा की बिक्री

इससे साबित होता है कि जिले में चोरी-छिपे जानलेवा धागा ब्रिकी किया जा रहा है। ऐसे में पतंगबाजी का शौक कभी-कभी दूसरे लोगों की जान को जोखिम में डाल देता है। हालांकि जांच के दौरान दुकानदार चाइनीज मांझा बेचने से इनकार करते नजर आए। चाइनीज मांझे के संबंध में जिला प्रशासन ने पहले ही गाइडलाइन जारी कर इसे जिले में प्रतिबंधित कर दिया है ऐसे में यह जानलेवा धागा कौनसे रास्ते से नर्मदापुरम जिले और इटारसी शहर में पहुंच रहा है? जबकि चाइनीज मांझे को लेकर जिले सोहागपुर में एक एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार दी जा रही चेतावनियों और चाइनीज मांझे की जब्ती की कार्रवाई के बावजूद, पतंगबाजों के पास यह जानलेवा धागा धड़ल्ले से उपलब्ध है।

नर्मदापुरम कोतवाली पुलिस ने रॉयल मेडिकल के सामने नर्मदापुरम मे देवेंद्र पिता मुन्नालाल कहार उम्र 24 वर्ष नि0 पिलिखंती नर्मदापुरम की दुकान में 1 गुच्छा चाइनीज मांझा मिलने पर देवेंद्र कहार नि. पिलीखंती नर्मदापुरम के विरुद्ध धारा 223(बी) दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।

### वीभत्स हादसे में हुआ 3 इंच का गहरा घाव

इटारसी में हादसा इतना वीभत्स था कि युवक के गले में करीब 3 इंच चौड़ा घाव हो गया है। वह लाइब्रेरी जा रहे थे, जब बजरंग पान टप के सामने से गुजर रहा था, तभी हवा में लहराता हुआ मौत का धागा उसके गले में फंस गया। वे बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। शुभम रेलवे परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। घाव इतना गहरा था कि गले का मांस तक बाहर दिखने लगा। परिजन तुरंत उसे लहूलुहान हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### पुलिस का तत्काल एक्शन

मामले के सामने आने के बाद सिटी पुलिस तुरंत एक्टिव मोड में आई और आनन फानन में ओवरब्रिज से लेकर शहर के सभी क्षेत्रो में पंतग उडा रहे लोगो के पास पहुचकर जांच की।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उठाया मामला

मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर चाइनीज मांझे से हो रही लगातार दुर्घटनाएं भाजपा सरकार और प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि प्रदेश में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम इसकी बिक्री हो रही है, जो शासन-प्रशासन की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शुभम शर्मा जैसे होनहार युवा, जो रेलवे और एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, जानलेवा मांझे की भेंट चढ़ रहे हैं। गले पर गंभीर कट लगना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था पर करारा तमाचा है। यदि समय रहते प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करता, तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता था। कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी आगे पार्टी आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगी।

## पुलिस की तत्परता से भटक रही बालिका को किया परिजनों के सुपुर्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी में डायल 112 टीम की सजगता से एक युवती जो मानसिक रूप से कमजोर है, को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया गया। युवती घर से बिना बताए निकल गई थी और रात के अंधेरे में स्टेशन के पास अकेली खड़ी थी।

### क्या था मामला?

14 जनवरी की सुबह करीब 5:31 बजे, डायल 112 को सूचना मिली कि नीलम तिराहा पेट्रोल पंप के पास एक लड़की रात 3-4 बजे से खड़ी है और अपना सही पता नहीं बता पा रही है। इस जानकारी के बाद एफआरवी 9 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर तैनात प्रधान आरक्षक 81 रणधीर सिंह और पायलट प्रशांत पाल ने बालिका से सहानुभूति पूर्वक पूछताछ की। बालिका की पहचान कली पवार, निवासी ग्राम चंदुरा खुर्द, मुलताई, जिला बैतूल के रूप में हुई। आधार कार्ड के अनुसार बालिका की जन्मतिथि 1/1/2004 है।

### संपर्क और सुपुर्दगी

पुलिस ने बालिका द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर उसकी मां से संपर्क किया। मां ने बताया कि कली मानसिक रूप से थोड़ी कमजोर है और 13 जनवरी को बिना बताए भोपाल जाने के लिए घर से निकली थी। बालिका की मौसी शिवानी पवार निवासी भोपाल इटारसी थाना पहुंचीं। पुलिस ने उचित तस्दीक के बाद बालिका को सुरक्षित उसकी मौसी के सुपुर्द कर दिया। बालिका ने अपने साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने से इनकार किया है।

## पोकलेन मशीन के पंजा से की थी हत्या, आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पथरौटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवंबर 2023 में शराब पीने के दौरान उपजे विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर पोकलेन मशीन के पंजे से दो बार वार कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था और कोर्ट में मामला पेश किया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपी युवक को हत्या का दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 5 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया।

शासन की ओर से एजीपी भूरे सिंह भदौरिया ने बताया कि इटारसी के पथरौटा थाना क्षेत्र के जुझारपुर में चंदा कर शराब बुलाकर सीधी जिला निवासी विनोद कुमार साहू अपने साथी संतोष राउत के साथ शराब पीने बैठा था। बैठक में कम शराब देने की बात पर उनमें विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी विनोद साहू ने अपने साथी संतोष राउत के सिर पर दो बार पोकलेन मशीन के पंजे से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। यह घटना 8 नंबम्बर 2023 की रात साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे के बीच हुई थी। पुलिस ने आरोपी विनोद साहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर केस को कोर्ट में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक भदौरिया ने बताया कि इस मामले के आरोपी के खिलाफ 24 गवाह एवं 53 दस्तावेज न्यायालय के समक्ष पेश किये गये थे। आरोपी द्वारा जिस तरह से साथी की हत्या की थी उसके आधार पर आरोपी को फांसी की सजा की मांग कोर्ट से की थी। इस मामले में न्यायाधीश अनिता खजुरिया ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

## विधायक डॉ. शर्मा बोले प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़, मार्गदर्शन में भाजपा की बैठक में आगामी कार्ययोजना पर बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के विशेष मार्गदर्शन में हुई।

### संगठनात्मक मजबूती और एसआईआर पर चर्चा

बैठक का मुख्य केंद्र एसआईआर, संगठनात्मक विषय को लेकर रहा। इसमें शक्ति केंद्र प्रभारी, सह-प्रभारी और मंडल पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग किया। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजनाओं का खाका तैयार किया गया और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक प्रभावी बनाने पर



विस्तार से चर्चा हुई।

### विधायक ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विधायक ने जोर दिया कि शासन की योजनाओं और संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के प्रमुख भाजपा नेता और पदाधिकारी सम्मिलित हुए, जिनमें मुख्य रूप से जगदीश मालवीय विधायक प्रतिनिधि, जयकिशोर चौधरी विधानसभा प्रभारी, मयंक मेहतो भाजपा मंडल अध्यक्ष, अतुल शुक्ला महामंत्री, सौरभ राजपूत मंडल उपाध्यक्ष/प्रभारी, गोविंद मेहतो, आकाश यादव, मनीष गालर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीनियस प्लानेट एजुकेशन सोसाइटी ने मनाई सक्रांति



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट एजुकेशन सोसाइटी के सदस्यों ने माध्यमिक शिक्षा केंद्र नज़रपुर के विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ के साथ मकर सक्रांति के त्यौहार को सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सुनील सचान, सचिव मो. जाफर सिद्दीकी तथा जीनियस प्लानेट स्कूल की प्रिंसिपल मनीता सिद्दीकी उपस्थित रही। संपूर्ण स्कूल स्टाफ के साथ अतिथियों ने दाल बाटी चूरमा लड्डू के स्वाद का आनंद लिया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। मकर सक्रांति के अवसर पर राजकुमार बघेल ने जरूरतमंद परिवार को कंबल वितरित किये और जीनियस प्लानेट एजुकेशन सोसाइटी द्वारा प्राथमिक स्कूल नजरपुर के विद्यार्थियों के लिए 15 डेस्क बैठक व्यवस्था के लिए स्कूल को दी।

इस अवसर पर सीएसी जमानी राजकुमार बघेल, एई नर्मदापुरम दीपक वर्मा, सब इंजीनियर केसला संदीप गलफाडे, शाला प्रभारी चेतना राठौर, ज्योति सरोज, मीना मौर्य, सविता मेहरा, रामेश्वर धुर्वे, अरविन्द चिमानिया, नन्हेलाल चौधरी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## मारपीट और छीनाझपटी कर रहे दो आरोपियों को आरपीएफ ने पकडा, जीआरपी के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आरपीएफ ने मंगलवार को मारपीट और छीनाझपटी कर रहे दो आरोपियों को धर दबोचा। जिन्हें जीआरपी के सुपुर्द किया गया है। नुरानी मस्जिद, नाला मोहल्ला 50 वर्षीय प्रमोद पिता मिश्रीलाल मेहरा स्टेशन पर रेल नीर पानी की सप्लाई करने का कार्य करते है। मंगलवार को पार्सल आफिस के बगल मे स्थित साईकिल स्टेण्ड से गुजरने के दौरान दो युवक ने उनके साथ मारपीट कर जेब मे रखे 12 हजार रू छीन लिए।

इसी दौरान शोर-शराबा सुनकर अपराध की रोकथाम के लिए ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के प्रआर



आनंद पवार, प्रआर गजेन्द्र सिंह बघेल व आर. हरिसिह ने दोनो युवको को पकडा व उनसे पूछताछ की गई तो उन्होने अपना नाम आकाश बस्तवार पिता राजेन्द्र बस्तवार उम्र 18 साल निवासी गरीबी लाईन एवं जाफर अली पिता आदम अली उम्र 24 साल निवासी पत्ती बाजार सब्जी मंडी बताया। यही भी बताया कि अपनी शराब व गांजे की लत को पूरा करने के लिए साईकल स्टैंड इटारसी से गुजर रहे प्रमोद से पहले बीडी मांगने के बहाने रोका बाद दोनो ने उससे मारपीट कर उसकी जेब मे रखे पैसे छीन कर भाग रहे थे। दोनो युवको को आरपीएफ टीम द्वारा पकडा गया। दोनो आरोपियो आकाश व जाफर अली को कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना के सुपुर्द किया गया।

## नव नियुक्त शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन, पूर्ण वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी को विकास खण्ड के नव नियुक्त शिक्षकों ने उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देश अनुसार स्थाई पेड व्यवस्था के तहत नवनियुक्त शिक्षकों को परिवीक्षा अवधि में रोके गए वेतन एरियर्स भुगतान करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

याद रहे कि इन शिक्षकों की ज्वाइनिंग अक्टूबर 2021 में हुई थी। शासन ने तत्काली नियम के प्रथम वर्ष में 70% द्वितीय में 80% तथा तृतीय वर्ष में 90% सैलरी प्रदान की गई। शिक्षकों को पूर्ण वेतन लाभ नहीं दिया गया। वेतन की कटौती की



गई। उच्च न्यालय में याचिका दायर करने के बाद वर्ष 2023 में दिनांक 06/01/26 को उक्त नियम को अनुचित पाते ही इस तर्क को निरस्त किया गया। 100 प्रतिशत कार्य का 100% वेतन देने की मांग की है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी ने आश्वासन दिया कि इस मांग को उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा।

## खिड़िया मंदिर के आयुष्मान आरोग्यकेंद्र को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम खिड़िया मंदिर में संचालित आयुष्मान आरोग्य केंद्र को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र मिला है। शासकीय अस्पतालों को स्वास्थ्य सेवा गुणवत्ता, स्वच्छता, रोगी सुरक्षा व संतुष्टि के उच्च मानक पूर्णता पर यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। यह प्रमाण पत्र स्वास्थ्य केंद्र की समस्त सेवाओं के उच्च होने का संकेत देता है।

सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि इस उपलब्धि से संबंधित केंद्र के क्षेत्र की जनता को अब और अधिक सुलभ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य




सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

बताया जाता है कि आयुष्मान आरोग्य केंद्र की जांच के लिए कुछ समय पूर्व केंद्र से एक दल आया था। एनक्यूएएस असेसमेंट के तहत दल ने केंद्र में सेवा, दवाओं की उपलब्धता, रिकॉर्ड प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण व रोगी के प्रति व्यवहार का विशेष मूल्यांकन किया गया था।

बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि टीम द्वारा किए गए असेसमेंट में आयुष्मान आरोग्य केंद्र खिड़िया मंदिर सभी कसौटियों के मानकों को पर खरा उतरा। केंद्र की सीएचओ प्रगति जितपुरे एवं खिड़ियामंदिर स्टाफ को बीएमओ व अधिकारियों ने शुभकामनाएं व बधाई दी हैं। यह प्रमाण पत्र व उपलब्धि स्टाफ के समर्पण, टीमवर्क और संस्थान गुणवत्ता का प्रतीक है। डीक्यूएमसी डॉ. आलिया रुखसार ने कहा कि प्रमाण पत्र मिलने पर केंद्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होगा। रोगी देखभाल की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय होंगे।

## सोहागपुर की 3000 लाड़ली बहनों को मिलेंगे 50 लाख रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कल शुक्रवार को मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के माखन नगर में आ रहे हैं। इस दौरान सीएम लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक पर करोड़ों रुपए की राशि वितरित करेंगे। जिसमें सोहागपुर शहर की 3000 से अधिक लाडंली बहनों को भी लाभ मिलेगा।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने एक बैठक बुधवार को अपने कार्यालय में सभी योजनाओं के प्रभारियों सहित वार्ड प्रभारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने वार्ड प्रभारितों को कहा कि वे अपने-अपने वार्ड की लाड़ली बहनों को लेकर माखन नगर पहुंचेंगे।

सोहागपुर शहर की सभी लाड़ली बहनों को 50 लाख रुपए की सौगात मिलेगी। सीएमओ शर्मा ने राजस्व निरीक्षक संजय परसाई को इस बात के निर्देश दिए हैं कि हितग्राही समयानुकूल एवं सुविधाजनक तरीके से माखन नगर पहुंचें। साथ ही वापसी में भी सभी का ध्यान रखा जाए।

### दो दिवसीय दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

# उम्मीद 2026: दिव्यांग क्रिकेट में नर्मदापुरम की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गांधी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 'उम्मीद 2026' दिव्यांगजन व्हीलचेयर एवं स्टैंडिंग क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। दिव्यांग दुनिया इटारसी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के जज्बे ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

रोमांचक मुकाबलों के बाद तालिका में प्रथम स्थान पर नर्मदापुरम संभाग, द्वितीय स्थान पर भोपाल संभाग और तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणापुंज हैं।



डॉ. शर्मा ने भविष्य में इटारसी में और भी भव्य दिव्यांग खेल आयोजनों के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। आयोजन को सफल बनाने में विनीत यादव, बाबूलाल यादव, नितेश यादव सहित पूरी आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने सभी सहयोगियों और प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

आयोजन को लेकर भोपाल संभाग के खिलाड़ी गजराज सिंह यादव ने इटारसी वासियों की सक्रिय सोच की जमकर सराहना की। यहां के लोगों ने दिव्यांगों को कभी खुद से कम नहीं समझा। गजराज ने विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग का जिक्र करते हुए कहा, दिव्यांग किसी से कम नहीं हैं। अगर हमें इसी तरह का मंच मिलता रहा, तो हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का तिरंगा और ऊंचा करेंगे। संस्था ऐसे आयोजन अब निरंतर किए जाएंगे। इन खिलाडियों की ऊर्जा और खेल के प्रति समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि व्हीलचेयर उनकी कमजोरी नहीं, बल्कि उनकी ताकत का प्रतीक है। दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

## 29वें वर्ष में श्रीराम कथा हुई प्रारंभ, श्रवण को पहुंच रहे भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रृंखला के 29 वें वर्ष में श्री शम्भू दरबार पलाश परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन अनंत विभूषित हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी धीरेन्द्राचार्य महाराज चित्रकूट धाम द्वारा किया जा रहा है।

प्रथम दिवस मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही कथा प्रारंभ हुई है तथा द्वितीय दिवस बुधवार को महाराज ने राम कथा के महत्व के बारे में कहा।

उन्होंने कहा कि एवं श्रद्धा और विश्वास का मिलन जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और खासकर जब बात भगवान या आत्म-विकास की हो। शिव पार्वती जी का विवाह इसी श्रद्धा और विश्वास के मिलन का प्रतीक है। जहां पार्वती जी श्रद्धा का और शिव जी विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ परचरी पुराण कथा प्रारंभ

**रहटगांव।** खामगांव ग्राम में पांच दिवसीय सार्वजनिक संत सिंगाजी महाराज भव्य आध्यात्मिक संगीतमय परचरी पुराण कथा के साथ भव्य कलश यात्रा ग्राम में निकाली गई। जहां ग्राम वासियों द्वारा भव्य स्वागत पुष्पो से स्वागत किया। कथावाचक नितेश सादू के द्वारा कथा की जा रही है। जिसमें प्रथम दिवस की कथा में गुरु प्रणाली शिष्य प्रणाली के ऊपर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया सिंगाजी महाराज ने अपने भक्ति परमार्थ समर्पण से पूरे समूचे ब्रामह्मण में निर्गुण धारा की भक्ति जगाहकर अचेत जीवों के संत मार्ग से लाया गए। सिंगाजी महाराज ने ज्यादा से ज्यादा सुमिरन पर ज़ोर दिया। कथा के माध्यम से महाराज ने कहा सुमिरन ही सार है। पूजा अर्चना कैलाश कुशमन, रामकृष्ण चौधरी के द्वारा की जा रही।

### लाठीचार्ज मामले की न्यायिक जांच हेतु साक्ष्य आमंत्रित

**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग आयुक्त के.जी. तिवारी द्वारा हरदा शहर में 13 जुलाई 2025 को करणी सेना द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग की न्यायिक (मजिस्ट्रियल) जांच के लिये संयुक्त कलेक्टर एवं सब डिविजनल मजिस्ट्रेट, सिवनीमालवा, जिला नर्मदापुरम को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। आमजन घटना से संबंधित साक्ष्य, कथन अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो वे जांचकर्ता अधिकारी को कलेक्टर कार्यालय हरदा के कक्ष क्रमांक 29 में प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शुक्रवार को सुबह 1 से दोपहर 2 बजे तक स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### श्रम विभाग ने शुरू किया श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम

**हरदा।** श्रम विभाग मध्य प्रदेश शासन ने उद्योगों और प्रतिष्ठानों में श्रमिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम शुरू किया है। श्रम पदाधिकारी हरदा ने बताया कि जिले के पात्र उद्योगों एवं स्थापनाओं के लिए भी रेटिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह प्रणाली श्रमिक कल्याण और श्रम कानून के पालन की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। उच्च रेटिंग से बेहतर बाजार स्थिति, उपभोक्ता विश्वास, निवेशक भरोसा और संभावित सरकारी खरीद संबंधी लाभ प्राप्त हो सकते हैं। फाइव स्टार रेटिंग वाले प्रतिष्ठानों में सुरक्षित कार्य वातावरण, बेहतर वेतन और रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

### अयोध्या, वाराणसी की यात्रा करेंगे वृद्धजन

**हरदा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक को जो कि 60 वर्ष से अधिक आयु के है तथा आयकर दाता नहीं है, उन्हें प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत शासकीय खर्चे पर कराई जा रही है। आगामी 1 मार्च 2026 को अब जिले के वरिष्ठ नागरिक अयोध्या-वाराणसी यात्रा करेंगे। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि पूर्व में 1 मार्च से 6 मार्च तक माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा निर्धारित की गई थी।

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता व नवीनीकरण के लिए आवेदन 20 तक

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी। किन्तु इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी कर दिया गया है।

---

पूर्व मंत्री की मौजूदगी में नगर परिषद के साधारण सभा की बैठक में 77 प्रस्तावों पर हरी झंडी दी

# रेलवे ओवरब्रिज के एरिया में आ रहे अधूरे मंगलवारा बाजार का डिसमेंटल होगा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया।**

पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल की मौजूदगी में नगर परिषद के साधारण सभा की बैठक में 77 प्रस्तावों पर हरी झंडी दी गई। अध्यक्ष इंद्रजीत खनूजा, उपाध्यक्ष विजयंत गौर समेत अन्य पार्षद बैठक में उपस्थित रहे। रेलवे ओवरब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे अधूरे मंगलवार बाजार को डिसमेंटल करने की स्वीकृति परिषद ने दी है।

नगर परिषद कार्यालय सभा कक्ष में परिषद् बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषद ने चौक चौराहे अस्पताल, स्कुलों के पास स्पीड ब्रेकर क्रय करनें, विभिन्न वार्डों में नाली एवं पुलिया के मरम्मत कार्य करने का निर्णय लिया। वार्ड 1 में तहसील ऑफिस के पास से हरीश सेठ की जीन तक रोड निर्माण कार्य को स्वीकृति दी। इसके साथ ही भीलट बाबा के पास सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत, वार्ड 1 में ही सुशील पार्षद के मकान के पास आर.सी.सी. रोड निर्माण कार्य समेत अन्य प्रस्तावों पर हरी झंडी दी गई।

इसके साथ ही रूटीन के कामों के प्रस्तावों को परिषद की बैठक में रखा गया। जिन्हे सर्वसम्मति से पार्षदों ने स्वीकृति दी। जिनमें गणतंत्र दिवस मनाने, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों के शेष मात्रा एवं राशि के उपयोग की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा सभी वार्डों के चौक चौराहो का नामकरण, सोन्दर्यकरण एवं वार्डो में स्वागत द्वार बनाने पसर सहमति बनी। विभिन्न वार्डों में नाली एवं पुलिया के मरम्मत कार्य करनें, जे.सी.बी., पोकलेंन, ट्रेक्टर ट्राली आदि मंशीनरी किराये पर लेने, दैनिक दर कर्मचारियों को 1 सितंबर 2016 के बाद वाले कर्मचारियों को बंद करने के संबंध में विचार किया गया।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में जिले की सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मुख्य रूप से सम्मिलित हुईं। बैठक के दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों तथा किशोरी बालिकाओं को उपलब्ध कराए जा रहे आंगनबाड़ी सेवाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही पोषण, टीकाकरण, पूरक पोषण आहार वितरण, गृह भ्रमण, एवं पोषण ट्रैकर के नियमित उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। श्री रंगारे ने सुपरवाइज़र एवं आंगनबाड़ी कर्मियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों के पंजीयन, सेवा वितरण, अपलोडिंग एवं फील्ड विज़िट संबंधी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। विभाग के विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना लाडली बहना योजना ,पोषण अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आदि के बारे में जानकारी साझा की गई तथा लक्ष्यों की समीक्षा भी की गई।

कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

## सराफा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की मांग



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला अध्यक्ष संजय सोनी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मुलाकात की। एसोसिएशन ने बढ़ते अपराधों और सराफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए शस्त्र लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

मुलाकात के दौरान एसोसिएशन के सचिव अंकित सराफ ने कलेक्टर को अवगत कराया कि सोने-चांदी की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण सराफा व्यापारी अपराधियों के निशाने पर हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और तहसीलों में व्यापार के लिए आने-जाने वाले व्यापारियों के पास सुरक्षा का कोई पुख्ता साधन नहीं है, जिससे उनके जान-माल का जोखिम बना रहता है। सराफा व्यापारियों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाएं। सुरक्षा की दृष्टि से लंबी बंदूकों के बजाय आधुनिक और छोटे हथियारों (रिवॉल्वर/पिस्तौल) के लाइसेंस प्रदान किए जाएं, जिन्हें साथ ले जाना व्यावहारिक रूप से आसान हो। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए। अंकित सराफ ने कहा कि, संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को जीवन की सुरक्षा का अधिकार है। वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारियों को आत्मरक्षा हेतु शस्त्र की अत्यंत आवश्यकता है।ꣳ इस अवसर पर एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सराफा व्यापारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए विषय की गंभीरता पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध हो: सीईओ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा कि मध्यान्ह भोजन में शामिल किये जाने वाला अनाज एवं मसाले भी अच्छी गुणवत्ता के हों। इसके साथ ही पेयजल की शुद्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बुधवार को आयोजित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि कार्यक्रम अंतर्गत खाद्यान्न का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बर्तन खरीदने की प्रक्रिया भी समय सीमा में सुनिश्चित की जाए। उन्होने मध्यान्ह भोजन से संबंधित सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्ण समाधान करने के निर्देश दिये। बैठक में वाश ऑन व्हील व्यवस्था को भी प्रभावी बनाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर भी बैठक में जोर दिया गया। बैठक में मध्यान्ह भोजन निगरानी व्यवस्था से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स में बालक, बालिका खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या**

यहां शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन किया। इस विकासखंड स्तरीय खेलकूद चयन स्पर्धा में करीब 170 से अधिक बालक, बालिकाओं ने भाग लिया, जिन्हें दर्शकों की खूब दाद मिली। इस प्रतिस्पर्धा में चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान दिया जाएगा। यह आयोजन,शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार किया गया था। जिसमें बालक,बालिकाओं ने अपनी खेल-प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी संख्या में छात्र-छात्राओं और जन प्रतिनिधियों ने खेलों का आनन्द लिया। स्पर्धा में विभिन्न खेलों के निर्णायक मंडल में इमरान खान, बगलसिंह सोलंकी,विकास छटीये, परमजीत बारसे, तृप्ति महाराज एवं तोमर थे। कार्यक्रम का संचालन अनिमेष गुप्ता ने किया और आभार आशीष गुप्ता विकासखंड समन्वयक ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बलवीरसिंह भाटिया थे और अध्यक्षता शा.उ.(उ) मा.वि.के प्राचार्य आर. डी.अम्ब ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मारुगढ के उपसरपंच गौतम नायक, सीएस बडोले, शिक्षक जामोद उपस्थित थे।

## खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने चारूवा में निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की जांच की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने बुधवार को ग्राम चारूवा में प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान हरदा में खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा ग्राम चारुआ में महेश किराना से सौंफ, मूंगफली दाने व जीरा, मां भगवती राजस्थान मिष्ठान भंडार से मलाई पेड़ा, मावा बर्फी, मावा पेड़ा, कलाकंद व पनीर, शेल्या किराना एंड स्वीट्स से काली मिर्च, सौंफ व दालें, दिनेश राठौर किराना से गुड़ व लाल मिर्च पाउडर, विश्वनाथ किराना से सौंफ व काली मिर्च के नमूने लेकर चलित प्रयोगशाला में जांच की गई। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने मां भगवती राजस्थान मिष्ठान भंडार से पनीर एवं अभिषेक किराना से घी का सेंपल लेकर उनको स्टेट फूड टेस्टिंग लैब भोपाल में भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर के साथ सहायक ब्रजेश पटेल उपस्थित रहे।

ग्रामीणों के बीच पहुंचकर न्यायाधीश ने दी कानूनी जानकारी

## जरूरतमंदों को गर्म कपडों, कंबल का वितरण किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राम रूपीपरेटिया में विधिक जागरूकता शिविर सह सामग्री वितरण कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविन्द रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंशी ने आमजनों के बीच पहुंचकर उन्हें उनके अधिकारों, कर्त्तव्यों, सामान्य कानूनों, विधिक सहायता व सलाह आदि की जानकारी दी।



रघुवंशी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय सबके लिए उपलब्ध हो, यही हमारे संविधान की मंशा है जो कि संविधान के अनुच्छेद 39 क में परिलच्छित होती है। न्याय की संकल्पना में सभी कानून के समक्ष समान है तथा उन्हें न्याय पाने का अधिकार है। इसके लिए भारत की संसद द्वारा वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया जो कि वर्ष 1995 में लागू हुआ। अधिनियम निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना करता है। इसी अधिनियम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई है। यहां से पात्र व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

## अपरवेदा समूह जल योजना के लिए खोदी जा रही पटरियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या**

इस आदिवासी अंचल में विकास के नाम पर सड़कों की बलि लेने का सिलसिला निरंतर चल रहा है। फलस्वरूप निर्माणाधीन और नवीन सड़कें भी इसका शिकार हो रही है। इन दिनों अपरवेदा समूह जल प्रदाय योजना का कार्य तेजी से चल रहा है और सड़कें बदहाल हो रही है। मध्यप्रदेश जल निगम की इस योजना में सड़कों की पटरियों में भूमिगत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसलिए जहां तहां सड़क की पटरियां जमींदोज हो रही है और वाहन चालक आवागमन की त्रासदी भुगत रहें हैं। इनमें लोक निर्माण विभाग उप संभाग भीकनगांव,प्रधान मंत्री सड़क योजना और चित्तौडगढ़-भुसावल की सड़कें मुख्य हैं। वैसे भी पिछले दो-तीन वर्षों में दूरभाष कंपनियों में जिओ,एयर टेल ने ओएफसी लाइन दबाने में सड़क की पटरियों को तहस नहस कर चुकी है। आये दिन दुर्घटनाओं का सिलसिला चल रहा है,लेकिन सम्बंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।



### इनका कहना है...

ग्रामीणजन भी विकास की संभावनाओं को लेकर खुशफहमी का शिकार हैं और उन्होंने बदहाल सड़कों और दुर्घटनाओं को नियति मान लिया है। इसका भरपूर लाभ उक्त कम्पनियां ले रही है और सड़कों की बलि लेकर ही अपना कार्य कर रही है। लेकिन जब सड़कों के रखवाले भी चुप्पी साधे रखे तो आखिर जनमानस क्या करें। इसलिए वाहन चालक और ग्रामीण आवागमन की त्रासदी भुगत रहें हैं।

**-अरविंदसिंह धाकड़ मध्यप्रदेश जल निगम,खरगोन**

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

पुलिस अधीक्षक शशांक ने विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किये है। उन्होने थाना छीपाबड़ के अपराध क्रमांक 439/2025 धारा 115(2), 331(4) ईजाफा 118(1) बीएनएस में फरार आरोपी मेहताब उर्फ गब्बर पिता गुलाब सिंह कोरकू निवासी लोधियाखेड़ी की तलाश एवं पतारसी हेतु 2 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना सिविल लाईन के अपराध क्रमांक 405/2025 धारा 126 (2), 109(1), 3(5) बीएनएस में फरार आरोपी पवन पिता पूनम विश्नोई तथा पूनम पिता श्यामलाल बिश्नोई दोनों निवासी ग्राम झालवा की गिरफ्तारी के लिये 5 हजार रूपये तथा अपराध क्रमांक 237/2025 धारा 137(2) बीएनएस में संदेही आरोपी गोकुल पिता करण सिंह निवासी ग्राम कचबेड़ी की तलाश के लिये 3 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। थाना कोतवाली हरदा के अपराध क्रमांक 147/2025 धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस में आरोपी शंकर बंजारा पिता रामसिंह उर्फ अनोखीलाल निवासी दूधडेरी की तलाश के लिये 2 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। जो व्यक्ति इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना देगा या गिरफ्तारी में मदद करेगा, उसे राशि दी जाएगी।

कानून, यातायात, साइबर अपराध व नशा मुक्ति विषय पर दिया प्रशिक्षण

## पुलिस बल को नए कानून, व्यावहारिक व अद्यतन की जानकारी दी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

पुलिस कंट्रोल रूम हरदा में मंगलवार को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय बहु-विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, उप पुलिस अधीक्षक, जिले के सभी थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक सहित कुल 100 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल को नवीन आपराधिक कानून की जानकारी, यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा, सायबर अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति, एम.एल.सी. प्रक्रिया एवं वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं अद्यतन




जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण सत्र में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला हरदा अरविन्द रघुवंशी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह द्वारा नए आपराधिक अधिनियमों के संबंध में विधिक प्रावधानों, विवेचना की प्रक्रिया तथा न्यायालयीन कार्यवाही में बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पूर्व रिटायर्ड अपर पुलिस अधीक्षक, पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय भोपाल एस.एस. लल्ली द्वारा यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण देते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने, प्रभावी यातायात नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। सायबर विशेषज्ञ कुलदीप वर्मा द्वारा सायबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई तथा उनसे बचाव एवं रोकथाम के व्यावहारिक उपाय बताए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा हरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा नशा मुक्ति अभियान, नशे के दुष्परिणाम एवं मेडिको लीगल केस से संबंधित प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं वित्तीय विशेषज्ञ अखिलेश सोनी द्वारा वित्तीय प्रबंधन, शासकीय व्यय एवं वित्तीय अनुशासन पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी अतिथि वक्ताओं एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाले विशेषज्ञों को पुलिस अधीक्षक शशांक द्वारा स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।